सांवरे से मेरी मुलाकात हो गई

सखी सपने में एक अनोखी बात हो गई,
सँवारे से मेरी मुलाकात हो गई,

मैं तो गहरी नींद में सोये रही थी,
उस प्यारे के सपनो में खोये रही थी,
सखी कैसे बताऊ करा मात हो गई,
सांवरे से मेरी मुलाकात हो गई

धीरे धीरे वो पास मेरे आने लगे,
मुझ बिरहन को दिल से लगाने लगे,
मेरी अँखियो से,
अश्को की बरसात हो गई,
सांवरे से मेरी मुलाकात हो गई

मैंने सोचा अब अपने मैं दिल की कहु,
ये जुदाई का दर्द कितना सहू,
यही सोच ते सोच ते परभात हो गई,
सांवरे से मेरी मुलाकात हो गई

अपने साजन की पागल दीवानी हुई,
ऐसी चित्र विचित्र की कहानी हुई,
मिली उसकी झलक ये सौगात हो गई,
सांवरे से मेरी मुलाकात हो गई

स्वर : चित्र विचित्र

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6629/title/sanware-se-meri-mulakat-ho-gai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |